हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026


11 जिले के विद्यालयों की युवा संसद में गूंजे रेलवे...




12 महेंद्रगढ़ शहर में जल्द शुरू हो सकती है सिटी बस सेवा, रोडवेज ने...




## खबर संक्षेप

### धनौंदा गांव में घर में घुसकर जानलेवा हमला

**कनीना।** शहर थाना अंतर्गत गांव धनौंदा में एक महिला पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता सुषमा धनौंदा बताया कि वह अपने घर पर सो रही थी। उसी दौरान आरोपित धर्मबीर, उसकी पत्नी सोमवती के अलावा संजय व उसकी पत्नी सुजाता निवासी कालूवाला घर में घुसे ओर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मौड़ी में खेत से 16 नोजल चोरी

**कनीना।** गांव मौड़ी में बीती रात खेतों से सिंचाई के 16 फव्वारा नोजल चोरी होने की घटना सामने आई है। किसान अशोक कुमार व उसके भाई शीशराम ने सदर थाना को दी लिखित शिकायत में बताया कि 22 जुलाई की शाम तक उनके खेत में नोजल सुचारू रूप से चल रहे थे। किसान ने 23 जुलाई को सुबह खेत में जाकर देखा, तो नोजल गायब मिली। अज्ञात चोरों ने फसल सिंचाई के लिए खेत में लगाए गए 16 फव्वारा नोजल चोरी कर लिए।

### शिविर में 61 नागरिकों ने रखी समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को 61 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने शिकायतें सुनी। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली-पानी, पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर

**कनीना।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी, जिससे घायल हो गए। पुलिस ने हादसे के आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे में दौंगड़ा जाट के निवासी गोवर्धन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे संदीप के साथ बाइक पर सवार होकर मकान की छत के लिए गाटर-पट्टी देखने भालखी गए थे। वापसी के दौरान भालखी ढाणी के पास सामने से आ रही एक कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र दोनों सड़क पर गिर गए। बाइक चला रहे संदीप के पैर और आंख में काफी चोटें आईं।

### नारनौल के सभागार में मेला 26 को

**नारनौल।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 26 जुलाई को सभागार में मेले का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया ने बताया कि मेले को सफल बनाने व अंत्योदय की भावना को धरातल पर उतारने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

### जन परिवेदना समिति की बैठक 27 को

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल 27 जुलाई को सायं चार बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा।

अटेली विधानसभा के लिए दो अच्छी खबर : कनीना व अटेली के लोगों के लिए स्वास्थ्य मंत्री कर रही विकास कार्यों के लिए प्रयास

## कनीना अस्पताल में दूरबीन से होंगे ऑपरेशन, उनिंदा में 15.87 करोड़ रुपये के रेस्ट हाउस का भेजा प्रस्ताव


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना/मंडी अटेली

अटेली विधानसभा के लिए अच्छी खबर है। यहां की स्थानीय विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली व कनीना दोनों जगह विकास कार्य करवाने का प्रयास जारी है। कनीना उप नागरिक अस्पताल में जहां दूरबीन, लैप्रोस्कोपिक तकनीक से ऑपरेशन किए जा सकेंगे।

वहीं अटेली के पास गांव उनिंदा में रेस्ट हाउस का प्रस्ताव प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा है, इस भवन पर 15.87 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी।

### लैप्रोस्कोपिक तकनीक से हो सकेंगे ऑपरेशन

उप नागरिक अस्पताल ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि शुरू होने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के विशेष प्रयासों से अब इस अस्पताल में दूरबीन, लैप्रोस्कोपिक तकनीक से ऑपरेशन किए जा सकेंगे। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर द्वारा कार्यभार संभालने और अत्याधुनिक 'ड्रेगर एटलान ए-100' एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन के स्थापित होने से यहां का ऑपरेशन थिएटर अब पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस हो गया है। इस नई सुविधा के शुरू होने के बाद क्षेत्र के हजारों मरीजों को अब गॉलब्लैडर (पित्त की थैली), हर्निया, अपेंडिक्स, हड्डी रोग और स्त्री एवं प्रसूति रोगों की जटिल सर्जरी के लिए रेवाड़ी, नारनौल या गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। दूरबीन तकनीक से छोटे चीरे के जरिए सुरक्षित ऑपरेशन होंगे, जिससे मरीजों को दर्द कम होगा, संक्रमण का खतरा घटेगा और वे जल्दी स्वस्थ होकर घर लौट सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि अस्पताल में रोजाना करीब 1000 मरीजों की ओपीडी दर्ज की जा रही है। कनीना और आसपास के गांवों से आने वाले मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। अस्पताल में अब विशेषज्ञों की एक मजबूत टीम है, जिसमें सर्जन डॉ. हेमंत नागर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल गहलोत और फैमिली मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. साक्षी मलिक अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं।



**कनीना।** कनीना अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक मशीन के साथ चिकित्सक टीम। फोटो : हरिभूमि

### उनिंदा में बनेगा रेस्ट हाउस, प्रस्ताव भेजा

**मंडी अटेली।** अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव उनिंदा में लगभग 15.87 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक रेस्ट हाउस बनाया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस परियोजना का प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) की ओर से इस विश्राम गृह की विस्तृत लागत योजना तैयार की गई है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 1587.16 लाख रुपये है। इसमें मुख्य भवन निर्माण के साथ-साथ सभी प्रकार के बिजली और तकनीकी कार्य शामिल हैं। परियोजना की तकनीकी जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब प्रशासनिक स्तर पर औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद इसका निर्माण कार्य तेजी से शुरू करा दिया जाएगा। आरती सिंह राव ने बताया कि इस आधुनिक विश्राम गृह के बनने से अटेली क्षेत्र में सरकारी बैठकों, प्रशासनिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। इससे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास कार्यों को केवल बड़े शहरों तक सीमित न रखकर गांवों तक आधुनिक ढांचा तैयार करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का भी संतुलित विकास हो सके।

जिला मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों से लेकर बस स्टैंड तक जलभराव

## बारिश आते ही बेनकाब हो रही शहर की 'सरकारी इंजीनियरिंग'

करोड़ों की इमारतें पानी में हुई कैद







**नारनौल।** पीडब्ल्यूडी ऑफिस परिसर में भरा पानी, बिजली निगम एसई कार्यालय में खड़ा पानी व नागरिक अस्पताल में भरा पानी। (फाइल फोटो)

राजकुमार ▶▶ नारनौल

जिला मुख्यालय में मानसून की हर तेज बारिश केवल मौसम का बदलाव नहीं लाती, बल्कि सरकारी निर्माण कार्यों की वर्षों पुरानी खामियों को भी उजागर कर देती है। हालत यह है कि जिन सरकारी कार्यालयों से पूरे जिले का प्रशासन संचालित होता है। जिला नागरिक अस्पताल से लेकर उपायुक्त कार्यालय, पुलिस लाइन, बिजली निगम, लोक निर्माण विभाग, बीडीपीओ कार्यालय और बस स्टैंड तक हर ओर जलभराव की एक जैसी तस्वीर दिखाई देती है। सवाल यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जिला मुख्यालय आज भी बारिश के पानी की निकासी का स्थायी इंतजाम क्यों नहीं कर पाया?

- बार-बार ऊंची होती सड़कों ने बदला शहर का भूगोल, सरकारी कार्यालयों और लोगों के मकान पड़ गए नीचे

हरिभूमि सरोकार

दरअसल, नारनौल की समस्या केवल नालों की सफाई या एक-दो जगह पानी भरने तक सीमित नहीं है। यह पूरे शहर की बिगड़ चुकी लेवलिंग और वर्षों से बिना दीर्घकालिक योजना के किए गए सड़क निर्माण का परिणाम मानी जा रही है। शहर में पार्क गली, महिला थाने के सामने, प्राणपुरा, नलापुर, रावका का वाल्मीकि मोहल्ला, चांदुवाड़ा, समूचा पुरानी कचहरी एरिया, सैन चौक समेत अनेक इलाकों में बरसात का पानी भरा रहता है।

विडंबना यह भी है कि जिस आईटीआई मैदान में हर वर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी के जिला स्तरीय समारोह आयोजित होते हैं, वहां भी बारिश के बाद कई दिनों तक पानी जमा रहता है। यह दृश्य जिला मुख्यालय की व्यवस्थाओं पर स्वतः सवाल खड़े करता है।






**नारनौल।** डीसी निवास, जहां पानी भरा है व एसपी निवास के गेट के सामने भरा पानी। (फाइल फोटो)

### डीसी-एसपी निवास के सामने भी भर जाता है पानी

महेंद्रगढ़ रोड स्थित जिला सचिवालय क्षेत्र भी इस समस्या से अछूता नहीं है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक निवास के सामने मुख्य सड़क पर कई दिनों तक पानी जमा रहता है। जिला प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण इलाका होने के बावजूद यहां वर्षा जल निकासी का स्थायी प्रबंध नहीं बन पाया। डीसी कैंप कार्यालय में तो वर्षों से हर बारिश के बाद इंजन लगाकर पानी बाहर निकालना पड़ता है। कर्मचारियों के अनुसार परिसर में जलभराव इतना नियमित हो चुका है कि इसके लिए एक इंजन स्थायी रूप से रखा जाता है। पुलिस लाइन मैदान में पानी भरना भी लगभग हर मानसून की कहानी बन चुका है। हालांकि नए एसपी आवास के निर्माण के बाद वहां की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई, लेकिन उसके मुख्य प्रवेश द्वार और सामने की सड़क आज भी पानी में डूब जाती है।

### सरकारी परिसरों की तस्वीर

जिला नागरिक अस्पताल, नई अनाज मंडी का मार्केट कमेटी कार्यालय, लोक निर्माण विभाग कार्यालय, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, बीडीपीओ कार्यालय, बिजली निगम का एसई कार्यालय, नहर एवं सिंचाई विभाग कार्यालय, आईटीआई मैदान, पुलिस लाइन और बस स्टैंड आदि ये सभी ऐसे प्रमुख सरकारी परिसर हैं, जहां हर मानसून में जलभराव सामान्य बात बन चुकी है। वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है।

### बस स्टैंड भी नहीं बचा

नारनौल बस स्टैंड पर बारिश के बाद पानी भरने से यात्रियों और रोडवेज दोनों को परेशानी उठानी पड़ती है। पहले जिस स्थान पर रेवाड़ी की तरफ की और राजस्थान रूट की बसें खड़ी होती थीं, वहां पानी जमा होने के कारण अब संचालन व्यवस्था भी प्रभावित होने लगी है। यात्रियों को सामान लेकर पानी के बीच से गुजरना मजबूरी बन जाती है।



**नारनौल।** बस स्टैंड में भरा बरसात का पानी।

### सड़कें ऊंची होती गईं... शहर नीचे बैठता गया

स्थानीय लोगों और जानकारों की मानें तो जलभराव की सबसे बड़ी वजह शहर की सड़कों का लगातार ऊंचा किया जाना है। रेवाड़ी रोड, जो पहले स्टेट हाईवे था और अब राष्ट्रीय राजमार्ग-11 का हिस्सा है, वर्षों पहले चौड़ीकरण के दौरान काफी ऊंचा बनाया गया। इसके बाद हर बार मरम्मत और पुनर्निर्माण में सड़क का स्तर थोड़ा-थोड़ा और बढ़ता गया। मुख्य सड़क के स्तर के अनुरूप महावीर चौक से निकलने वाली अन्य सड़कों को भी नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी ने ऊंचा कर दिया। नतीजा यह हुआ कि सरकारी कार्यालय, दुकानें और मकान सड़क से नीचे चले गए। अब बारिश का पानी स्वाभाविक ढलान के साथ इन्हीं परिसरों और घरों में भर जाता है। इसका सबसे बड़ा नुकसान कैलाश नगर क्षेत्र ने झेला। यहां अनेक मकान और दुकानें सड़क की तुलना में काफी नीचे चली गईं। कई लोगों को अपनी जीवनभर की कमाई से बनाए मकान तोड़कर दोबारा ऊंचाई बढ़ाकर निर्माण कराना पड़ा। जिनके पास संसाधन नहीं थे, वे आज भी हर बारिश में पानी की मार झेल रहे हैं।

### एमपी के मजदूर की नारनौल में मौत

**नारनौल।** शहर में निर्माण कार्य के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मध्य प्रदेश निवासी एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही से मौत होने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के राजनगर निवासी बिना कुशवाहा ने बताया कि वह अपने पति गणपत कुशवाहा और बच्चों के साथ पिछले छह वर्षों से नारनौल में किराये के मकान में रह रही है। पति-पत्नी दोनों मजदूरी का काम करते थे। उनका पति गणपत राजमिस्त्री था।

#### यादव धर्मशाला के पीछे कर रहा था काम

महिला ने बताया कि 22 जुलाई को वह अपने पति गणपत, अन्य मजदूरों और ठेकेदार सत्यनारायण के साथ यादव धर्मशाला के पीछे निर्माणाधीन भवन में चिनाई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सामान ऊपर पहुंचाने वाली मशीन को सरकाने के लिए कहा गया। मशीन में पहले से तकनीकी खराबी थी। गणपत मशीन को सरकाने का काम कर रहा था, तभी ठेकेदार ने मशीन का सपोर्ट खोल दिया। सपोर्ट हटते ही मशीन असंतुलित होकर नीचे गिर गई और उसके साथ गणपत भी जमीन पर आ गिरा। हादसे में गणपत की मौत हो गई।

### बंद पड़े रोडवेज रूटों को पुनः शुरू कराने के लिए सौंपा पत्र

**महेंद्रगढ़।** चरखी दादरी डिपो द्वारा कई वर्षों से संचालित तीन प्रमुख बस सेवाओं के बंद होने से महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान और जनहित में इन बस सेवाओं को दोबारा शुरू करवाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने उपायुक्त महोदय को एक मांग पत्र सौंपा है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि चंडीगढ़ से नारनौल शाम 08:30 बजे, महेंद्रगढ़ से हरिद्वार सुबह 05:50 बजे नारनौल से कालका सुबह 08:45 बजे मांग पत्र में प्रमुख रूप से इन तीन बंद पड़ी बस सेवाओं को पुनः शुरू करने की मांग की गई है।




### महेंद्रगढ़ बार का बहिष्कार जारी, रखा वर्क सस्पेंड

**महेंद्रगढ़।** बार एसोसिएशन की ओर से वीरवार को सब डिवीजनल जुडिशल मजिस्ट्रेट विक्रांत की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायिक अधिकारी मोहित सिंह डाबड़ एवं परविंद्र सिंह सहित बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप यादव, कार्यकारिणी सदस्य तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप यादव ने बताया कि बैठक में एसपी तथा महेंद्रगढ़ के उपमंडल अधिकारी एसडीएम को भी उपस्थित होना था, लेकिन उनके बैठक में नहीं पहुंचने के कारण वर्क सस्पेंड समाप्त करने को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका। बार एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक तहसीलदार, एसडीएम महेंद्रगढ़ तथा संबंधित मामलों को लेकर अदालतों का बहिष्कार और वर्क सस्पेंड अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। संदीप यादव ने बताया कि एसडीएम महेंद्रगढ़ तथा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ताओं में लंबे समय से असंतोष है। इसी के विरोध में बार एसोसिएशन ने पहले ही अदालतों के बहिष्कार और अनिश्चितकालीन वर्क सस्पेंड का निर्णय लिया था, जिसे अब भी जारी रखने का फैसला किया गया है।

### प्राचार्य के निलंबन का विरोध, बहाली की मांग

**नारनौल।** कनीना मंडी स्थित राजकीय विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार के निलंबन पर सचेत नागरिक मंच के संरक्षक कॉमरेड दलीप सिंह एडवोकेट ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने शिक्षा विभाग की कार्रवाई को अनुचित बताते हुए प्राचार्य को तत्काल बहाल करने और सम्मानपूर्वक पुनः कार्यभार ग्रहण करवाने की मांग की।

जारी बयान में कॉमरेड दलीप सिंह ने कहा कि किसी मुद्दे के पक्ष या विपक्ष में छात्रों द्वारा किया गया प्रदर्शन उनका व्यक्तिगत विषय था। उनका कहना है कि यह प्रदर्शन न तो विद्यालय समय के दौरान हुआ और न ही स्कूल परिसर के भीतर आयोजित किया गया। ऐसे में इस घटना के लिए विद्यालय के प्राचार्य को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राचार्य का निलंबन शिक्षा विभाग की गलत कार्रवाई है और इससे सरकार का तानाशाही रवैया सामने आता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को निष्पक्षता बरतते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए तथा प्राचार्य नरेश कुमार को तत्काल बहाल किया जाना चाहिए।

महत्वपूर्ण निर्णय | शिक्षा निदेशालय पंचकूला ने जारी किए निर्देश

## प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन गूंजेगा राज्यगीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरव एवं राज्य के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब राज्य के प्रत्येक राजकीय विद्यालय में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान उद्घाटन सत्र में सप्ताह में एक दिन हरियाणा राज्यगीत का सामूहिक गायन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा।

शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्यगीत के लिरिक्स एवं एमपी3 अपने अधीनस्थ विद्यालयों तक तत्काल उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी विद्यार्थियों को राज्यगीत से परिचित कराया जाए तथा आवश्यकता के अनुसार इसकी मुद्रित प्रतियां भी वितरित की जाएं।

निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि जिन विद्यालयों में प्रतिदिन पूर्ण प्रार्थना सभा आयोजित नहीं हो पाती, वहां भी राष्ट्रगान सहित अन्य निर्धारित गतिविधियों के साथ राज्यगीत को प्रार्थना सभा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। विद्यालयों में संचालित हाउस सिस्टम के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित रूप से राज्यगीत के शुद्ध एवं प्रभावी गायन का अभ्यास भी कराया जाएगा।

### प्रदेश के प्रति गौरव की भावना ओर होगी सुदृढ़

निदेशालय ने यह भी कहा है कि सभी विद्यालय राज्यगीत के निर्धारित एवं गरिमापूर्ण गायन को अपनी प्रार्थना सभा की नियमित परंपरा बनाएं, ताकि विद्यार्थियों में हरियाणा की संस्कृति, इतिहास, लोक परंपराओं और प्रदेश के प्रति गौरव की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सके। उल्लेखनीय है कि राज्यगीत जय जय जय हरियाणा, जय जय जय हरियाणा के रचयिता डॉ. बालकिशन शर्मा हैं। यह गीत हरियाणा की वैदिक परंपरा, गीता और महाभारत की विरासत, शिवालिक पर्वतमाला, अरावली, यमुना, लोक संस्कृति, कृषि, वीरता, शिक्षा, खेल और सामाजिक समरसता का भावपूर्ण चित्रण करता है। सरकार का मानना है कि विद्यालयों में इसके नियमित गायन से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्र एवं प्रदेश के प्रति सम्मान तथा सामाजिक मूल्यों का ओर अधिक विकास होगा।

जानकारी / शिखर चंद जैन



# आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान

दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

## अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

**बादलों का** ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

## बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर



**लंबी उड़ान** भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि एक 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

## रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी



**रेड नॉट** आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

## आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर




**अपनी प्रवास** यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

## कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है



**यह पक्षी** अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

## ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर



**'समुद्री डाकू'** के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

## ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड



**जहां दूसरे** पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

# और खाओ रसगुल्ले!



छोटी कहानी



शिव मोहन यादव

मोहन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का हो गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'

आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी।' मोहन झेंपते हुए बोला। उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## प्यारी कविताओं का संग्रह

बच्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।



संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

**किताब**: चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक**: नरेंद्र भूषण, **मूल्य**: 250 रुपए, **प्रकाशक**: अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले



चिंटू: जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
मिंटू: कार ड्राइवर।
चिंटू: जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
मिंटू: कार मैकेनिक।
चिंटू: और जो कार को पेंट करता है, उसे?
मिंटू (कुछ देर सोचने के बाद): कारपेंटर!
-रजनी, दिल्ली

सोनू: बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
मोनू: क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-कुशल, रोहतक

## जीके क्विज-215

1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-214 का उत्तर** : 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

**जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले** : मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर

कहानी



अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

# रंग-बिरंगी छतरी



राजू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा, 'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? उसे मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया, 'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता

राजा चौरसिया




## वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर**: 1.मेंढक ने जो डाल पकड़ी है, उस पर लगा फल छोटा है। 2. मेंढक के निचले बाएं पैर (पश्चपाद) की बीच वाली अंगुली छोटी है। 3. मेंढक के अगले बाएं पैर (अग्रपाद) की अंगुलियां मुड़ी हुई हैं। 4.दाईं तरफ मेंढक की जीभ के नीचे उड़ रहा पतंगा गायब है। 5.मेंढक की दाईं आंख की पुतली ऊपर की तरफ है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों व संविधान के प्रति सम्मान का उद्देश्य

# जिले के विद्यालयों की युवा संसद में गूंजे रेलवे सुरक्षा और बेरोजगारी सहित ज्वलंत मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्कूल शिक्षा विदभाग हरियाणा के तत्वावधान में एससीईआरटी हरियाणा के निर्देशन तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महेंद्रगढ़ के मार्गदर्शन में आयोजित खण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के चौथे दिन पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में युवा संसद का आयोजन किया गया।

छात्राओं ने लोकसभा की कार्रवाई का अत्यंत जीवंत मंचन करते हुए समसामयिक राष्ट्रीय एवं सामाजिक विषयों पर गंभीर बहस, प्रश्नकाल, शून्यकाल तथा विधेयकों पर चर्चा प्रस्तुत की। प्रवक्ता कृष्णा गुप्ता ने बताया कि युवा संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान के प्रति सम्मान, संसदीय कार्यप्रणाली की समझ, नेतृत्व क्षमता तथा प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता एवं पर्यवेक्षक डॉ. संजय शर्मा, डाइट महेंद्रगढ़ के प्रवक्ता जितेन्द्र बोहरा व प्रदीप यादव ने किया।



नारनौल। युवा संसद में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### जनहित के विषयों पर गंभीर चर्चा हुई

युवा संसद के दौरान रेलवे सुरक्षा, बेरोजगारी, नशे के बढ़ते चलन, कृषि उपकरणों की सहज उपलब्धता, किसानों को सब्सिडी जैसे महत्वपूर्ण जनहित के विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। सदन में विचार-विमर्श के उपरांत महिला आरक्षण विधेयक-2026 भी बहुमत से पारित किया गया, जिस पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों ने अपने-अपने दृष्टिकोण प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की व्यवहारिक प्रयोगशाला है। डाइट प्रवक्ता जितेन्द्र बोहरा ने कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। डाइट प्रवक्ता प्रदीप यादव ने कहा कि युवा संसद केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने का अभियान है। कार्यक्रम का संयोजन राजनीति विज्ञान प्रवक्ता राजबाला ने किया, जबकि कृष्णा गुप्ता ने सह-संयोजक के रूप में भूमिका निभाई। उर्वशी ने प्रधानमंत्री, कोमल ने लोकसभा अध्यक्ष, प्रियंका ने गृहमंत्री तथा माही ने शिक्षामंत्री की भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की कार्रवाई को जीवंत बना दिया। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी बिंदु यादव, प्रेमलता, राजबाला, दीपा महावर, शर्मिला आदि मौजूद रहे।

### राजकीय विद्यालय बाछौद में युवा संसद में उठाए सवाल

**नारनौल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद में संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार व राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के तत्वावधान में खण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या अनीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित युवा संसद में अध्यक्ष आगमन से लेकर, शोक संदेश, नए सदस्यों को शपथ ग्रहण, नए मंत्रियों का परिचय, प्रश्न काल, शून्य काल, राज्यसभा से प्राप्त संदेश, विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव, विदेशी मेहमानों का स्वागत, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, बिल सदन के पटल पर रखना व विधायी कार्यों में विधेयक पर चर्चा आदि विषयों से संबंधित गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया गया। युवा संसद में कुमारी अवि ने स्पीकर, एकता कुमारी ने प्रधानमंत्री, मानसी ने प्रतिपक्ष नेता व मानसी शर्मा ने महासचिव की भूमिका को बखूबी से निभाया। युवा संसद में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ से डॉ. किरण यादव पर्यवेक्षक व निर्णायक मंडल के तौर पर डॉ. विधि यादव व प्रवक्ता नागेंद्र कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रवक्ता योगेश यादव, मंजूलता, प्रियंका, सरिता ग्रोवर, योगेश चौहान, रजनीश यादव, सुमन गोयल, नीलम कुमारी, रजनेश, श्रुति पुरोहित, सरोज बाला, नीलम यादव आदि मौजूद रहे।


नारनौल। युवा संसद में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



### गूंजी लोकतंत्र की आवाज

**नांगल चौधरी।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संसदीय कार्य मंत्रालय एवं एससीईआरटी के निर्देशन में आयोजित खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यवाही का जीवंत मंचन कर लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत की। प्रश्नकाल, शून्यकाल और विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर हुई बहस ने कार्यक्रम को बेहद प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रवक्ता ऋषिपाल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में सोनम ने लोकसभा अध्यक्ष, आराधना ने प्रधानमंत्री, रिया कुमारी ने शिक्षा मंत्री, प्रिया सैनी ने स्वास्थ्य मंत्री तथा लक्षिता ने गृह मंत्री की भूमिका निभाई। विपक्ष की ओर से रौनक, महिमा व प्रीति ने सरकार से शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर तीखे सवाल पूछे। शिक्षा व्यवस्था में पेपर लीक, सरकारी स्कूलों की स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा, वहीं संबंधित मंत्रियों ने तर्कपूर्ण जवाब देकर अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाई। कार्यक्रम की तैयारी ऋषिपाल यादव व गरिमा चौधरी ने करवाई। इस मौके पर डाइट महेंद्रगढ़ से राजेश जाखड़, दिनेश कुमार रावत, राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता राजेश कुमार यादव आदि मौजूद थे।


मंडी अटेली। हिंदुस्तान स्कूल में पौधरोपण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाई 200 पौध

- सलीमपुर स्थित हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर स्थित हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करना रहा। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थीयों शिक्षकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल निदेशक राकेश कुमार ने पहली पौध लगाकर की।

इसके बाद विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में करीब 200 फलदार, छायादार, औषधीय पौध लगाई। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी माताओं के नाम पर पौध रोपित की और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। प्राचार्य अनूप कुमार ने कहा कि जिस प्रकार एक मां निःस्वार्थ भाव से अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, छाया, फल प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने का भी कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़े संदेश तख्तियों और नारों के माध्यम से दिए। अंत में पर्यावरण प्रभारी प्रदीप कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर स्कूल स्टाफ, वाइस चेयरमैन सहित सैकड़ों की संख्या विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के आसपास किया पौधरोपण

**मंडी अटेली।** मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से अटेली रेलव स्टेशन के आसपास पौधरोपण किया गया। समिति की महात्मा चतुर्वेदी बाई व गरिमा बाई ने पौध रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत स्टेशन के समीप छायादार, शोभादार, खुशबूदार सहित 60 के करीब पौधे रोपित किये। महात्मा चतुर्वेदी बाई व गरिमा बाई ने कहा कि पौधे व्यक्ति के सच्चे मित्र होते है। पेड़ हमारी धरती के कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वे जलवायु परिवर्तन से लड़ने, मिट्टी के कटाव को रोकने और वन्यजीवों का समर्थन करने में मदद करते हैं।

### आईटीआई के जॉब मेले में 94 युवाओं का चयन

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्री-प्लेसमेंट जॉब मेले का आयोजन किया गया। इसमें 261 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 94 प्रशिक्षुओं का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ। इस मेले में निप्पॉन इंडिया इलेक्ट्रिकल मसानी, मार्श आईटी हब नारनौल, जीडी फूड मैन्युफैक्चरिंग नीमराना, पुखराज हेल्थ केयर महेंद्रगढ़ तथा दीवान फर्नीचर नारनौल जैसी कंपनियों ने भाग लेकर लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन व साक्षात्कार के आधार पर युवाओं का चयन किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील यादव ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशों के तहत ऐसे जॉब मेले उद्योग व युवाओं के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं। इस मौके पर ग्रुप अनुदेशक राजेश, अमित, गुरदयाल आदि मौजूद थे।

### महिलाओं के लिए मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र आरंभ

**नारनौल।** सेवा भारती शाखा की ओर से शिक्षा एवं स्वावलंबन आयाम के अंतर्गत मोहल्ला कोलियान स्थित शिव मंदिर परिसर में महिलाओं के लिए निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण एक माह का होगा तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ अखिल भारतीय सेवा भारती के सह सेवा प्रमुख राजकुमार ने ऑनलाइन माध्यम से किया। 25 महिलाओं ने प्रशिक्षण के लिए अपना पंजीकरण कराया। सेवा भारती के अध्यक्ष अशोक सिंघल ने बताया कि सेवा भारती का उद्देश्य समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

# खातोद में खेल महाकुंभ का रोमांच

## आरपीएस स्कूल में चौथे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेल महाकुंभ के चौथे दिन वीरवार को खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रहीं, जबकि अध्यक्षता खेल सचिव एवं प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। इस अवसर डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि खेल केवल जीत और हार का नाम नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व क्षमता सिखाते हैं।

खेल सचिव ने कहा कि विद्यालय स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने का सबसे बेहतर मंच प्रदान करती हैं। चौथे दिन एथलेटिक्स और कबड्डी के विभिन्न आयु वर्गों में कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। अंडर-19 की 100 मीटर दौड़ में राहुल आरपीएस खातोद ने प्रथम, जबकि अमित दूसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर डीईओ डॉ. विश्वेश्वर कौशिक, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, एईओ विक्रम सिंह व राजेश शर्मा झाड़ली सहित पूरी आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा है।


महेंद्रगढ़। खेल में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

# एसडी विद्यालय में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी विद्यालय ककराला में चल रहे चार दिवसीय खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरे दिन भी जारी रही। इस मौके विद्यालय निदेशक ओमप्रकाश, उपप्राचार्य पूर्णसिंह, गुलशन ब्लॉक एमआईएस कॉर्डिनेटर, राकेश पीटीआई जीएसएसएस करीरा, बलजीत डीपी ककराला, मूकेश डीपी मुंडियाखेड़ा, महेन्द्र कुमार पीटीआई पड़तल, शर्मिला डीपी बुचावास, सरिता डीपी बवानियां, प्रीति डीपी, अनिता डीपी जीएमएस झिगावन, राजकुमार पीटीआई, दीपक कोच, कुलदीप कोच, हरिओम सिंह, नरेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र सिंह, अनिल कोच व उनकी टीम उपस्थित रही।

इस अवसर पर आयोजित 400 मीटर दौड़ अंडर-11 में एसडी विद्यालय ककराला की अर्वंतिका द्वितीय, 100 मीटर दौड़ अंडर-14 में कृति एसडी विद्यालय खेड़ी ने प्रथम, 200 मीटर दौड़ अंडर-14 में मान्सी एसडी विद्यालय ककराला प्रथम, प्रीत एसडी विद्यालय ककराला ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

वहीं 600 मीटर दौड़ अंडर-14 में कृति एसडी विद्यालय खेड़ी ने प्रथम, 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ अंडर-14 में कृति, प्रीत, दीशू, मानशी एसडी विद्यालय ककराला ने प्रथम, 100 मीटर दौड़ अंडर-17 में भावी एसडी विद्यालय ककराला प्रथम, 200 मीटर दौड़ अंडर-17 में भावी एसडी ककराला ने प्रथम, 800 मीटर दौड़ अंडर-17 में भारती एसडी ककराला द्वितीय, 3000 मीटर दौड़ अंडर-17 में खुशी एसडी विद्यालय खेड़ी ने द्वितीय, 100 मीटर दौड़ अंडर-19 में हिमानी एसडी खेड़ी प्रथम, 200 मीटर दौड़ अंडर-19 में पायल एसडी खेड़ी प्रथम, राशि एसडी खेड़ी तृतीय, 400 मीटर दौड़ अंडर-19 में सरुपी एसडी ककराला तृतीय, 800 मीटर दौड़ अंडर-19 में कशिश एसडी खेड़ी तलवाना द्वितीय, 3000 मीटर दौड़ अंडर-19 में कशिश एसडी ककराला प्रथम, 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ अंडर-17 में भावी, कृति, मोनिका, ईशा एसडी ककराला प्रथम, 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ अंडर-19 में खुशी, पायल, माही, हिमानी एसडी ककराला प्रथम रही।


कनीना। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# शिविर में 298 मरीजों की जांच

**मंडी अटेली।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के दूर-दराज के गांवों से पहुंचे सैंकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का संयुक्त आयोजन किया गया। शिविर में कुल ओपीडी 298 दर्ज की गई जिसमें 42 अल्ट्रासाउंड भी शामिल रहे। इसके उपरांत गंभीर रूप से बीमार पाए गए कुल 21 मरीजों को बेहतर और उच्च उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रेफर किया गया। इनमें डॉ. धर्मेंद्र सागवान अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ, डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. हेमंत कुमार जनरल सर्जन, डॉ. अंकित यादव पारिवारिक चिकित्सक,डॉ. अमित राठौर बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. तनेजा यादव लेडी मेडिकल ऑफिसर डॉ. पूजा रानी लेडी मेडिकल ऑफिसर, डॉ. मनीष यादव दंत सर्जन, डॉ. सहदेव राठौर मौजूद रहे।



### पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जाट धर्मशाला में बीएलए 2 की लेंगे बैठक

**नांगल चौधरी।** बहरोड़ रोड पर स्थित जाट धर्मशाला में 25 जुलाई को बीएलए-2 की हलका स्तरीय बैठक हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर की अध्यक्षता में संपन्न होगी। जिसमें प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर, प्रभारी विनोद भील, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हजारीलाल लंबोरा ने तोताहेड़ी, दोंगली, सिरोही बहाली, नायन, मोहनपुर, नांगल कालिया में वर्करों को निमंत्रण दिया। भाजपा शासन में पूंजीपतियों का विकास हो रहा है।देश व प्रदेश में पेपर लीक गिरोह सक्रिय है, जिसके चलते 150 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। कार्यक्रम में महिला विंग की जिला प्रधान सोनिया धनखड़, प्रदेश सचिव रामकुमार मकसूसपुरिया, महिला मोर्चा की हलका प्रधान सुनिता, जिलेसिंह गुर्जर, चैनसुख तोताहेड़ी मौजूद रहेंगे।

# मॉडर्न स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलाना में आयोजित लड़कों की खंड स्तरीय विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। स्कूल प्राचार्य प्रदीप तंवर ने बताया कि बाधा दौड़ में अंडर-19 आयु वर्ग में दीवान ने प्रथम, अंडर-17 आयु वर्ग में लक्ष्य ने प्रथम तथा अंडर-14 आयु वर्ग में हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 आयु वर्ग में केशव पुत्र रणजीत ने 3000 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, अभिजीत ने भाला फेंक प्रतियोगिता में द्वितीय, अंडर-17 आयु वर्ग में अनीकेश ने डिस्कस थ्रो में प्रथम, जतिन ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-19 आयु वर्ग में चंद्रपाल ने डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 आयु वर्ग में हर्ष ने 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया।


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



## देवयानी इंटरनेशनल स्कूल की खो-खो टीम ब्लॉक विजेता

**महेंद्रगढ़।** स्कूल गेम फेडरेशन के द्वारा ब्लॉक स्तर पर खेलों का आयोजन हो रहा है, जिसमें देवयानी इंटरनेशनल स्कूल अंडर-17 आयु वर्ग में लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 आयु वर्ग में लगभग 10 टीमों को मात देकर टॉप में जगह बनाने में सफल हो पाई। टीम में रिया यादव, खुशी राव, रक्षिता, पूर्वा यादव, जोया, मुस्कान चौधरी, खुशी यादव, कशिश राव, दिव्या प्रिया, खुशबू खिलाड़ी शामिल रहे। प्राचार्य बलवान सिंह ने खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर उनका उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। डीपीई सुभाष चन्द के उचित मार्गदर्शन और बच्चों के निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत से ब्लॉक लेवल पर अपनी पोजीशन बनाने में साल दर साल सफल हो पाते हैं।

### मनुष्य जीवन सर्वोपरि है: सागर महाराज

**नारनौल।** श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नलापुर में वीरवार को धर्म सभा का आयोजन किया गया। प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि मुनि विभोर सागर महाराज, सानंद सागर महाराज, महंत सागर महाराज के प्रवचन दिए। जिन्हें सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। महंत सागर महाराज ने कहा कि देव शास्त्र गुरु का समागम बहुत ही पुण्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है। मुनि ने कहा कि मनुष्य जीवन सर्वोपरि है। सानंद सागर ने कहा कि जैन धर्म में 24 तीर्थंकर हुए, जिन्होंने अपने जीवन काल में तप, संयम और साधना के मार्ग को अपना सिद्धांत बनाया। अनुश्री ने आत्म कल्याण मैन की शांति जीवन में संतोष व मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होने के लिए गृहस्थों को तप, त्याग दान, सेवा, संयम अपनाने का संदेश दिया। विभोर सागर ने कहा मनुष्य ना समझी के कारण भौतिक वस्तुओं में सुख खोजता है, लेकिन अंततः दुख और असंतोष ही मिलता है।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस सम्मान के साथ मनाया

# सर्वस्व न्योछावर करने वाले अद्वितीय राष्ट्रनायक थे आजाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आजाद चौक युवा संगठन की ओर से आजाद चौक परिसर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस बड़े ही श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों व संगठन के पदाधिकारियों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत उपस्थित लोगों को लड्डु वितरित किए। आजाद चौक परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों व आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के राष्ट्रप्रेम, साहस व बलिदान को नमन किया। संस्था के संरक्षक विजय जिंदल ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद केवल एक महान क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि भारत की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अद्वितीय राष्ट्रनायक थे। उनका साहस, त्याग और देशभक्ति आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चंद्रशेखर आजाद के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए तथा समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। आजाद चौक युवा संगठन के प्रधान लोकेश शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल महापुरुषों की जयंती मनाना नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आजाद चौक युवा संगठन भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, जिससे युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना का संचार होता रहे। इस मौके पर संगठन के उपप्रधान मोहित जिंदल, महासचिव भगत सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, यादराम सैनी, बालकिशन सैनी, ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे।


नारनौल। शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### हरियाणा विज्ञान मंच ने मनाई जयंती



**नारनौल।** हरियाणा विज्ञान मंच कार्यालय में शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुर्वेद फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्याध्यक्ष डॉ. राजीव गौड़ रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. गरिमा गौड़ ने की। अतिथियों ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक एवं हरियाणा विज्ञान मंच के जिला संयोजक धर्मपाल शर्मा ने कहा कि जो राष्ट्र अपने शहीदों को भूल जाता है, उसका पतन शुरू हो जाता है। इस मौके पर संतोष शर्मा, धैर्या गौड़, द्रविण गौड़, नलिन गौड़, रजनीश, कपिल, प्रियकांत, गोबिंद प्रसाद, गिरधारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### 1 अगस्त से शुरू होगा डीसीएचबी सर्वे

**महेंद्रगढ़।** जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के सफल संचालन को लेकर उपमंडल अधिकारी योगेश सैनी की अध्यक्षता में शांति देवी मेमोरियल हॉल में महेंद्रगढ़ एवं सतनाली तहसील के पटवारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना-2027 के अंतर्गत डीसीएचबी के डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रहण संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई तथा कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### खेत पर कब्जा करने के आरोप में 3 नामजद

**कनीना।** झाड़ली गांव में एक बुजुर्ग विधवा महिला की भूमि पर अवैध कब्जा करने, तोड़फोड़ और चोरी करने की घटना सामने आई है। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अनीता, धर्मेंद्र उर्फ बिट्टू व कृष्ण के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। महिला ओमपति ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने जून माह में उसके खेत की तारबंदी व गेट ट्रैक्टर से तोड़ दिए और जबरन कब्जा कर लिया। इससे पहले सात मार्च को भी आरोपितों ने उस पर हमला किया था और खेत से सरसों की फसल चोरी कर ली थी, जिसकी शिकायत पुलिस को की गई थी। वह पिछले पखवाड़े रिश्तेदारों के यहां गई थी, तो आरोपितों ने उनके बेटे विनोद के मकान व दुकान के ताले तोड़कर करीब लाखों रुपये का कीमती सामान चुरा लिया।

### दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए समीक्षा बैठक

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने वीरवार को एडीआर सेंटर में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ित मुआवजा योजना-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव व डीएसपी डॉ. कविता विशेष रूप से उपस्थित रहे। सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि अज्ञात वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले या गंभीर रूप से घायल पीड़ितों के परिवारों को सरकार की ओर से निर्धारित सहायता राशि बिना किसी अनावश्यक विलंब के मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पीड़ितों को समयबद्ध कानूनी सहायता व मुआवजा दिलाना है।

### कपास की खेती पर आज जागरूकता कार्यक्रम

मंडी अटेली। गांव कांटी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से 24 जुलाई को सुबह 10 बजे अमृता पार्क में कपास दिवस का आयोजन होगा। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. मनमीत यादव ने बताया कि खंड अटेली के सभी किसानों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय करेगा हरियाणा रोडवेज

# महेंद्रगढ़ शहर में जल्द शुरू हो सकती है सिटी बस सेवा, रोडवेज ने किया सर्वे

विकास गोदवाल ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के लोगों के लिए सार्वजनिक परिवहन को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। शहर में जल्द ही सिटी बस सेवा शुरू होने की संभावना है। हरियाणा रोडवेज विभाग ने इसके लिए प्रारंभिक सर्वे पूरा कर लिया है और संभावित रूट का भी निरीक्षण किया है। यदि योजना को अंतिम मंजूरी मिलती है तो शहरवासियों को निजी ऑटो पर निर्भरता से काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। साथ ही उन्हें कम किराये में सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प उपलब्ध होगा। वर्तमान में महेंद्रगढ़ शहर के अधिकांश लोग एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए निजी ऑटो या ई-रिक्शा का सहारा लेते हैं। कई बार यात्रियों को छोटी दूरी के लिए भी अपेक्षाकृत अधिक किराया देना पड़ता है। खासकर विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं को प्रतिदिन आने-जाने में अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। ऐसे में सिटी बस सेवा शुरू होने से आम लोगों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। रोडवेज विभाग की ओर से किए गए सर्वे के अनुसार प्रस्तावित सिटी बस रूट



#### ऑटो संचालकों की मनमानी पर लगेगी रोक

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से महेंद्रगढ़ में सिटी बस सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कई बार लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष भी यह मांग रखी थी। उनका मानना है कि यदि नियमित अंतराल पर बसों का संचालन किया जाता है तो निजी ऑटो संचालकों की मनमानी पर भी अंकुश लगेगा और यात्रियों को निर्धारित व उचित किराये पर यात्रा करने का अवसर मिलेगा। परिवहन विशेषज्ञों का भी मानना है कि छोटे और मध्यम शहरों में सिटी बस सेवा शुरू होने से निजी वाहनों का उपयोग कम होता है, जिससे यातायात का दबाव घटता है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। इसके अलावा सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलने से शहर के समग्र विकास को भी गति मिलती है।

महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से शुरू होगा। इसके बाद बस सतनाली चौक, कोर्ट परिसर, महिला कॉलेज, पीजी कॉलेज, कैंची मोड़, गंगा पांडे अस्पताल, सैनी सभा, भाई राम सिंह की कोठी, मोदा आश्रम, मसानी चौक, रेलवे स्टेशन (अंदर से होते हुए), रिवासा ओवरब्रिज और अंत में राव तुलाराम चौक तक पहुंचेगी। यह रूट शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों को आपस में जोड़ेगा, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को सुविधा मिलेगी। जानकारी के अनुसार सर्वे के दौरान अधिकारियों ने सड़क की चौड़ाई, यातायात की स्थिति, बस के सुरक्षित संचालन, संभावित बस स्टॉप और यात्रियों की संख्या जैसे विभिन्न पहलुओं का आकलन किया। विभाग अब सर्वे रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी करेगा। यदि सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी हो जाती हैं तो निकट भविष्य में सिटी बस सेवा शुरू की जा सकती है। शहर में महिला कॉलेज और पीजी कॉलेज सहित कई शैक्षणिक संस्थान स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंचते हैं। वर्तमान में अधिकांश छात्र-छात्राएं निजी वाहनों या ऑटो से सफर करते हैं। सिटी बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों को नियमित और सस्ती परिवहन सुविधा मिलेगी। इसके अलावा अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी आवागमन में आसानी होगी। व्यापारिक गतिविधियों के लिहाज से भी यह योजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। शहर के बाजार, कोर्ट परिसर, रेलवे स्टेशन और प्रमुख चौक आपस में जुड़ने से व्यापारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे शहर के भीतर यातायात व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित होने की संभावना है।

#### लोग योजना को लेकर उत्साहित

हालांकि रोडवेज विभाग की ओर से अभी सिटी बस सेवा शुरू करने की तिथि और बसों की संख्या को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। योजना को मंजूरी मिलने के बाद रूट, बस स्टॉप, किराया और संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। फिलहाल महेंद्रगढ़ शहर के लोग इस योजना को लेकर उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही सिटी बस सेवा शुरू होने से शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी। इससे न केवल यात्रियों का समय और पैसा बचेगा, बल्कि शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन भी पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुविधाजनक हो जाएगा।

#### कर लिया सर्वे

विभाग द्वारा शहर का सर्वे कर लिया गया हैं। अधिकारियों की घोषणा होते हीं बस सेवा शुरू कर दी जाएंगी। अभी तक केवल शहर में सर्वे किया गया है।

—हरिकिशन, बस अड्डा इंचार्ज, महेंद्रगढ़।



नारनौल। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद संघ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) का 72वां स्थापना दिवस वीरवार को सिटी सब डिवीजन स्थित बिजली निगम मंडल कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ महेंद्रगढ़ की सब अर्बन नारनौल एवं सिटी सब डिवीजन नारनौल इकाइयों की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष आशीष गोरा ने की। मंच संचालन जिला मंत्री हरकेश ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ वर्ष 1955 से राष्ट्रहित और श्रमिक हित को सर्वोपरि मानते हुए देशभर के मजदूरों एवं कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना, उनके हितों के लिए संघर्ष करना तथा राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका को सशक्त बनाना है सब अर्बन नारनौल इकाई का गठन किया।

#### नवीन बने प्रधान

इस अवसर पर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ महेंद्रगढ़ की सब अर्बन नारनौल इकाई में नवीन यादव को प्रधान, अजीत सुराना व कर्मवीर यादव को उपप्रधान, पवन को सचिव, अशोक सेका को सहसचिव, राजेंद्र को संगठनकर्ता, सुरेंद्र सिंह मोरोली को सलाहकार, मनीष सेका को प्रेस सचिव, रामकिशन को कोषाध्यक्ष चुना गया। सुंदर सिंह व ग्यानीराम को सदस्य बनाया गया। वहीं सिटी सब डिवीजन नारनौल इकाई में कपिल यादव को प्रधान, अशोक व राकेश प्रजापत को उपप्रधान, महेश सैनी को सचिव, मनोज को सह सचिव, बलवंत को संगठनकर्ता, विशाल गुप्ता को सलाहकार, नवदीप (डीईओ) को प्रेस सचिव तथा जयभगवान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## दंडवती यात्रा का कोटिया में स्वागत

हरिभूमि न्यूज कनीना

जन कल्याण व विश्व शांति की भावना को लेकर श्रीखाटू श्याम धाम तक निकाली जा रही द्वितीय दंडवती यात्रा का जिले के ब्लॉक कनीना स्थित गांव कोटिया में पहुंचने पर सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सरपंच धर्मबीर यादव व ग्रामीणों ने फूलमालाओं व पटके से भव्य स्वागत किया। यह यात्रा लगभग तीन महीने के लंबे अंतराल के बाद श्रीखाटू श्याम धाम पहुंचेगी। इस कठिन और आस्था से परिपूर्ण यात्रा का नेतृत्व श्रीश्याम दासी रेनू हरिवंशी द्वारा किया जा रहा है। गर्मी में कठोर तपस्या का प्रतीक यह दंडवती यात्रा जब कोटिया गांव की सीमा में प्रविष्ट हुई, तो संपूर्ण गांव का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। जहां ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों के साथ मिलकर यात्रा में शामिल भक्तों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सरपंच धर्मबीर यादव ने बताया कि इस प्रकार की कठिन धार्मिक यात्राओं से समाज में हमारी प्राचीन परंपराओं का एक सकारात्मक और अच्छा संदेश जाता है। इस मौके पर हवासिंह, रामकिशन, कप्तान अभय सिंह, ओमकार, बलजीत, रणधीर, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।



कनीना। कोटिया में पंहुची यात्रा का स्वागत करते सरपंच एसोसिएशन के प्रधान धर्मबीर सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मसानी चौक पर नया बस शेल्टर बनाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

महेंद्रगढ़। शहर के वार्ड नंबर तीन स्थित मसानी चौक पर यात्रियों की सुविधा के लिए नया बस सेंटर (बस शेल्टर) बनवाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपकर जल्द समाधान की गुहार लगाई है। उपायुक्त को दिए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि मसानी चौक एक मुख्य मार्ग है, जहां से प्रतिदिन भारी संख्या में लोग बवानिया, भोजावास, कुंड और रेवाड़ी आदि गांवों व कस्बों के लिए आवागमन करते हैं। यहां बस शेल्टर न होने के कारण यात्रियों को गर्मी, सर्दी और कड़कती धूप व बरसात के मौसम में खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि जनहित और यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा यहां नया बस सेंटर बनवाया जाए।

### आज जनआक्रोश मार्च

**नारनौल।** जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में 24 जुलाई को नारनौल में जनआक्रोश मार्च निकाला जाएगा। इसका नेतृत्व पूर्व विधायक राव दान सिंह करेंगे। यह सुबह 10 बजे चितवन वाटिका से शुरू होगा और लघु सचिवालय तक विशाल विरोध प्रदर्शन एवं जनआक्रोश मार्च निकाला जाएगा।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बुचौली रोड पर शहीद भगत सिंह युवा संगठन जन कल्याण एवं जीवदया फाउंडेशन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य संचालक विकास शर्मा बुचौली ने कहा कि दशकों से सोए शेरों को जिन्होंने जगाया था, दुश्मन भी कांपे जिससे ऐसा खौफ फैलाया था, आजाद ही रहे हैं और आजाद ही रहेंगे, ऐसे वीर सपूत ने देश का मान बढ़ाया था। इस मौके पर संगठन के प्रमुख सदस्य सोनू शर्मा बुचौली, कमलप्रीत महेंद्रगढ़, ऋतिक बुचौली, पवन पाली, रमेश पाली और नवीन सैनी महेंद्रगढ़ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## पहली बार इस्कॉन कर रहा जगन्नाथ-बलदेव सुभद्रा महारानी रथयात्रा, तैयारियां हुईं तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन द्वारा शहर के धार्मिक इतिहास में पहली बार अति भव्य एवं अलौकिक जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा महारानी रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजकों ने इस ऐतिहासिक आयोजन की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में रामजीवन मित्तल, अश्विनी, डॉ. सुदर्शन, सुरेश सैनी, रवि सोनी, बाल मुकुंद, सुरेंद्र बंटी, नवीन राव, उमा तथा शहर के अन्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पावन रथयात्रा 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। रथयात्रा का शुभारंभ शाम को तीन बजे प्राचीन शिव मंदिर सैनी हाई स्कूल सैनीपुरा से होगा। रथयात्रा प्राचीन शिव मंदिर सैनीपुरा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, सब्जी मंडी, ब्रह्मदेव चौक से होते हुए राजा मैरिज पैलेस पर संपन्न होगी। ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा एवं शहर की सजावट रथयात्रा के स्वागत में शहर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा और यात्रा मार्ग पर ड्रोन कैमरों द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी।



महेंद्रगढ़। पत्रकारों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### प्रसाद में बंटेगी खिचड़ी

रथयात्रा के पूरे रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से खिचड़ी प्रसाद एवं खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। राजा मैरिज पैलेस में यात्रा के समापन पर सभी भक्तों के लिए अलग से विशेष महाप्रसाद भंडारे की पूर्ण व्यवस्था की गई है।



#### बच्चों के साथ डीसी ने ग्रहण किया मिड डे मील

**महेंद्रगढ़।** डीसी अनुपमा अंजली ने वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर मिड डे मील की गुणवत्ता का जायजा लिया। डीसी अनुपमा अंजली ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ संस्कार भी दें, क्योंकि अच्छे संस्कारो ही एक विद्यार्थी अनुशासन में रहना सीखता है। शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण यही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। डीसी ने मिड डे मील की गुणवत्ता परखने के लिए अपनी प्लेट में खुद भोजन डलवाकर विद्यार्थियों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन ग्रहण किया और बच्चों से प्रतिदिन दिए जाने वाले भोजन की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से भोजन के स्वाद, मात्रा और साफ-सफाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मिड डे मील निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक, संतुलित एवं स्वच्छ तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीसी अनुपमा अंजली ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर बीईओ जगमाल सिंह, प्राचार्य सुनील बोहरा भी मौजूद रहे। महेंद्रगढ़। डीसी अनुपमा अंजली ने वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर मिड डे मील की गुणवत्ता का जायजा लिया।

## अघोषित बिजली कट से जनता परेशान, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में पिछले कई दिनों से लगातार हो रहे अघोषित बिजली कटों को लेकर अग्रवाल सभा के मंत्री कृष्ण कंछल ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और उमस के बीच बार-बार बिजली गुल होने से आमजन, व्यापारी और विद्यार्थी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। जारी बयान में कृष्ण कंछल ने कहा कि लंबे समय से शहर में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, लेकिन अभी तक लोगों को राहत नहीं मिल सकी है। उनका कहना है कि लाइनमैन ने उन्हें बताया कि बड़ी बिजली लाइनों पर पेड़ों की टहनियां आने के कारण बार-बार फॉल्ट हो रहे हैं, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी स्थिति से प्रदेश सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से अग्रसेन चौक क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां बिजली के पोलों में बार-बार फॉल्ट आने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। वहीं घरों में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी परेशानी झेल रहे हैं तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। कृष्ण कंछल ने जिला प्रशासन और बिजली निगम के अधिकारियों से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बिजली लाइनों की मरम्मत, पेड़ों की टहनियों की समय पर छंटाई कर बिजली कटों पर रोक लगाएं।



नारनौल। कृष्ण कंछल।

## जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**नारनौल।** मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल अभियान टीम नंगली की ओर से टीम सदस्य डॉ. अमर सिंह महारानिया के पौत्र हर्षवर्धन आर्य के नौवें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजकीय माध्यमिक विद्यालय इकबालपुर नंगली के प्रांगण में नौ पौधरोपत किए। जिसमें अशोक के छायादार पौधे, आम, नींबू, अमरूद व एक अर्जुन की पौध लगाई। इस मौके पर विद्यालय मुख्याध्यापक रणवीर आर्य, राजेश, सुरेन्द्र, राजकुमार, पुष्पा, योगेश, अजीत सिंह, कप्तान हरिसिंह, प्रधान शिशुपाल, हरि सिंह व विद्यार्थी उपस्थित रहे। हर्षवर्धन को मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल अभियान प्रणेता डॉ. जयकृष्ण आभीर, वरिष्ठ सदस्या डॉ. कृष्णा आर्या, मुकेश देवी, वासुदेव यादव ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### विज्ञापन बकाया चुकाने को 15 दिन का अल्टीमेटम, अन्यथा होगी कानूनी कार्रवाई

# कनीना नपा प्रशासन की विज्ञापन एजेंसियों को सख्त चेतावनी

- नगर पालिका ने विज्ञापन एजेंसियों को दिया अंतिम मौका


खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका प्रशासन ने विज्ञापन एजेंसियों और ठेकेदारों को उनकी बकाया राशि जमा करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए एक सख्त नोटिस जारी किया है। 21 जुलाई को जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से नगरपालिका सचिव कपिल कुमार ने विज्ञापन एजेंसी रोहित कुमार जैनाबाद, रेवाड़ी और जीआर फ्लेक्स प्रिंटिंग कनीना को सूचित किया है कि विज्ञापन पोर्टल पर पेमेंट लिंक को फिर से खोल दिया गया है। इस बारे में विज्ञापन ठेकों में फंसे 72 लाख, अधिकारी नोटिस देकर झाड रहे पल्ला नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। जिसके संज्ञान में आने के बाद अधिकारियों ने 15 दिन का नोटिस जारी कर संबंधित एजेंसियों को रिकवरी के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में पत्र जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपने सभी बकाया विज्ञापन शुल्क जमा करने को कहा गया है।



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
19072026 Rohtak Mahendergarh - 19 Jul 2026 - Page 1
पालिका को लगाया 72 लाख का चूना
- विज्ञापन एजेंसियों की मनमानी, अधिकारी सिर्फ नोटिस देकर झाड़ रहे पल्ला
- पिछले दो साल से नहीं किए रिकवरी के प्रयास
क्या कहती हैं नपा चेयरपर्सन



OFFICE OF MUNICIPAL COMMITTEE, KANINA
To
1. Rohit Kumar (Adv. ID: 1223)
VPO:-ZAINABAD DISTT REWARI
2. G R Flex Printing
Near Gaina Road, Kanina
Distt:-Mahendergarh
Memo No. 1425-26 Date 21/07/2026
Subject: Information regarding Re-opening of Payment Link for Deposit of Outstanding Advertisement Dues.
Sir/Madam,
With reference to the advertisement sites allotted to your agency by the Municipal Committee, Kanina, it is informed that, on the request of this office, Advertisement Portal payment link re-opened for the above-mentioned Advertisement ID(s).
You are, therefore, directed to deposit all your outstanding advertisement dues, along with any applicable charges as per the terms and conditions of the agreement, through the Advertisement Portal within 15 (Fifteen) days from the date of issue of this letter.

कनीना। प्रकाशित खबर व विज्ञापन एजेंसियों को जारी किए गए नोटिस की प्रति।

#### यह दिया नोटिस

नपा रिकॉर्ड के मुताबिक करीब 72 लाख रुपये की राशि एजेंसियों में अटकी हुई है। जिसे लेकर नगर पालिका ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इसके बाद समय सीमा में किसी भी प्रकार की छूट या विस्तार नहीं दिया जाएगा। यदि निर्धारित 15 दिन की अवधि के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो नगर पालिका समझौते के नियमों और शर्तों के अनुसार सख्त कदम उठाएगी। इन कार्रवाइयों में विज्ञापन साइटों का आवंटन रद्द करना, बयाना राशि और सुरक्षा जमा राशि को पूरी तरह से जब्त करना शामिल है। इसके अलावा एजेंसियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सकती है। पुलिस कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है।

#### क्या कहते हैं सचिव

नगर पालिका सचिव कपिल कुमार ने इस मामले को अत्यंत आवश्यक बताते हुए एजेंसियों से आदेशों के तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। इस कदम से प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि बकायेदारों के प्रति अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।